NT>

Title: Need for construction of a road over-bridge in replacement of level crossing gate no. 14 - A between Nimiyaghat and Parasnath Railway Station, Bihar.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : सभापति महोदय, नीमीयाघाट और पारसनाथ रेलवे स्टेशन, पूर्व रेलवे के मध्य दूसरी रेल समपार नं. १४-ए, ३१७/०० किलोमीटर को बदलकर एन एच-२ रोड पर से रेलवे लाइन होकर ऊपरि पुल निर्माण हेतु प्रस्ताव हाल में ०८.०७.१९९७ को धनबाद रेल मंडल द्वारा भेजा गया है। इस सम्बन्ध में मैंने भी वर्ष १९९७ में तत्कालीन भूतल परिवहन मंत्री, भारत सरकार से साक्षात्कार कर कार्य को शीघ्र कराने का अनुरोध किया, लेकिन आज तक पुल का निर्माण लम्बित है।

इस सम्बन्ध में वर्ष १९९७ से रेलवे, नेशनल हाइवे सर्किल और लोक निर्माण विभाग, बिहार के बीच बैठक हो रही है, लेकिन आज तक सकारात्मक परिणाम नहीं निकल सका। वर्तमान दूसरी रेल समपार सं. १४ ओ ग्रेड कार्ड रेल खंड और जी.टी. रोड पर स्थित है, जिसके कारण यातायात का भारी दबाव है। ऐसी स्थिति में करीब १२ घंटा रेल समपार बन्द रहता है।

यह क्षेत्र आदिवासी बहुल अविकसित इलाका है। रेल समपार के बन्द रहने के कारण पुलिस और प्रशासन को कानून व्यवस्था के नियंत्रण में दिक्कतें आती हैं। इस पुल के निर्माण से लाखों लोगों को लाभ हो सकता है और समय की बचत होगी।

अतः केन्द्र सरकार से आग्रह है कि दूसरी रेल समपार से १४ ए पर ऊपरि पुल का निर्माण करने हेतु शीघ्र आदेश जारी किया जाये।